# 28 राजस्थानी शब्दावली

1. गंजीफा, चर-भर, नार-छरी किसके प्रकार है?
(1) परिधान (2) खेल
(3) लोक नाटय (4) वाद्य यंत्र (2)

2. राजस्थान में किसी बात या कहानी सुनने के दौरान हाँ भरने की ध्वनि कहलाती है?
(1) हलकारो (2) बातेरी
(3) थैकारो (4) हुंकारा (4)

3. 'सीरावण' से तात्पर्य है?
(1) ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों का सुबह का भोजन
(2) ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों द्वारा प्रयुक्त हल
(3) ग्रामीण क्षेत्रों में बनाया जाने वाला खाद्य पदार्थ
(4) ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों का मध्यरात्रि का भोजन (1)

4. पकी हुई फसल की कटाई करना कहलाता है?
(1) निनाण (2) लावणी
(3) सूड़ (4) पाती मांगना (2)

5. रबी की फसल कहलाती है?
(1) उनालू (2) स्यालू
(3) 1 व 2 दोनों (4) इनमें से कोई नहीं (1)

6. मिट्टी को बिजाई के लिए तैयार करने के बाद उसकी नमी रोकने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला लकड़ी का सुहागा कहलाता है?
(1) चाहड़ या पाटा (2) चड़स या हींसू
(3) बोरा (4) पराणी या रांपी (1)

7. ऊँचे पेड़ पर या मजबूत लकड़ियों पर बनाई गई झोपड़ी कहलाती है?
(1) मचान या डागला (2) रहंट
(3) ढीकली (4) ओठ (1)

8. अगेती एवं पछेती शब्दावली का सम्बन्ध है?
(1) फसल बुवाई में जल्दी व देरी के लिए
(2) क्यारी में आगे की फसल व पीछे की फसल के लिए
(3) विवाह में जल्दी व देरी के लिए
(4) रबी व खरीफ की फसल के लिए (1)

9. धावड़िया व्यक्ति होते थे?
(1) जो कारवां लूटते थे। (2) गाँव से निष्कासित
(3) ग्राम रक्षक व्यक्ति (4) पंचायत मुखिया (1)

10. सिंचाई के लिए कुएँ से पानी निकालने का उपक्रम जिस पर चक्कर लगे होते हैं?
(1) मसक (2) रहंट या ओठ
(3) गोफण (4) गुलेल (2)

11. कुएँ से पानी निकालने की मोटी रस्सी कहलाती है?
(1) भूंगली (2) लाव
(3) केलू (4) घाणी (2)

12. भोजन पकाने के लिए लकड़िया, जो विनायक स्थापना के पश्चात् लाई जाती है, कहलाती है?
(1) मुगधणा (2) पूळा
(3) गठरी (4) सुराही (1)

13. कृषि कार्यों के लिए कृषकों को राज्य द्वारा दी जाने वाली अग्रिम धनराशि कहलाती है?
(1) तकावी (2) ऋण
(3) ब्याज (4) उधार (1)

14. पशुओं पर नियन्त्रण के लिए पैरों में बांधे जाने वाली रस्सी कहलाती है?
(1) दावणों (2) लीतरा
(3) नीमड़ी (4) नेतरा (1)

15. पशुओं को खाने पीने से रोकने के लिए मुँह पर लगाया जाने वाला अवरोध क्या कहलाता है?
(1) मींढे (2) खेड़ाऊ
(3) सींखळा (4) छींकी (4)

16. अकाल पड़ने पर चारा पानी की खोज में मवेशियों को अन्य प्रदेश ले जाने वाला व्यक्ति कहलाता है?
(1) रेवड़ (2) खेड़ाऊ
(3) आखा (4) चिलड़ा (2)

17. कमरे में बनाया गया अनाज रखने का कोठा कहलाता है?
(1) भिश्ती (2) भखारी
(3) सीरी (4) साळ (2)

18. मादा भेड़ कहलाती है?
(1) लरड़ी (2) टोड्या
(3) छाळी (4) मींढ़े (1)

19. खींप को सुखाकर बनाया जाने वाला झाडू कहलाता है?
(1) भूंगरो या भारो (2) रोड़ी या कुरड़ी
(3) घेघरी (4) चरणोट (1)

20. ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि का खाना कहलाता है?
(1) ब्यालू (2) कलेवा
(3) सिरावण (4) भात (1)

21. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) कृषकों द्वारा किया जाने वाला सुबह का नाश्ता– सिरावण
(2) कृषकों द्वारा किया जाने वाला दोपहर का भोजन– भाता
(3) ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि का खाना– लापसी
(4) दही जमाने के लिए प्रयुक्त खटाई–जावण (3)

22. निम्न में से असत्य कथन है–
(1) चने के झाड़ पर लगने वाला फल–घेघरी
(2) खींप के पौधे पर लगने वाला फल–खिंपोली
(3) खेजड़ी के पेड़ पर लगने वाला फल–सांगरी
(4) उपर्युक्त सभी सत्य है। (4)

23. इनमें से असत्य कथन है–
(1) छोटे बच्चों पर किसी बुरी आत्मा का असर होना– फेटूड़ा
(2) शिशु की लंगोटी– पोतड़ो
(3) दुल्हा–दुल्हन की जूतियाँ– बिनोटा
(4) उपरोक्त सभी सत्य है। (4)

24. आवारा पशुओं को खेत में प्रवेश से रोकने के लिए कांटेदार झाड़ियों से बनाया गया अवरोध क्या कहलाता है?
(1) बाड़ (2) खाई
(3) बिजूका (4) मचान (1)

25. पशुओं के पानी पीने का हौज क्या कहलाता है?
(1) मेख (2) खेळ/पो
(3) समेल (4) नाड़ा (2)

26. विवाहोत्सव पर वर-वधू के लिए बनने वाली जूतियाँ क्या कहलाती हैं?
(1) चेवणी (2) कोथली
(3) चोबवाली (4) बरण्ड (3)

27. ग्रामीण क्षेत्र में जब कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है, तब उसके सूत या मौली का धागा बांधा जाता है। यह देवता की जौत के ऊपर घुमाकर बांधा जाता है, ये धागा क्या कहलाता है?
(1) मूंदड़ी (2) तांती
(3) कंदोरी (4) टेवटो (2)


28. राजस्थानी संस्कृति में वर पक्ष की ओर से दिया जाने वाला भोज क्या कहलाता है?
(1) मौसर (2) सवामणी
(3) जनोटण (4) धोवण (3)


29. बिजाई से पूर्व खेत में खड़ी झाड़ियाँ हटाना कहलाता है?
(1) निनाण करना (2) लावणी
(3) सूड़ करना (4) रेलणी (3)


30. राजस्थानी में हल जोतने वाला व्यक्ति कहलाता है?
(1) कांदियो (2) हाळी
(3) डीडू (4) गैंती (2)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।